सान्ध्य हिन्दी दैनिक जौनपुर से प्रकाशित

# देश की उपासना

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष - 03 | अंक - 128 | जौनपुर, शुक्रवार, 27 दिसम्बर 2024 | सान्ध्य दैनिक (संस्करण) | पेज - 4 | मूल्य - 2 रूपये

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन



नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरुवार को निधन हो गया है। तबीयत बिगड़ने के बाद देर शाम उन्हें दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह 92 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार साल 2006 में मनमोहन सिंह की दूसरी बार बाईपास सर्जरी हुई थी, जिसके बाद से वह काफी बीमार चल रहे थे। गुरुवार को उन्हें सांस लेने में तकलीफ और बेचौनी के बाद एम्स में भर्ती कराया गया था। उनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह (अब पाकिस्तान) में हुआ था।

दो बार रहे देश के प्रधानमंत्री

साल 2004 से 2014 तक दो बार देश के प्रधानमंत्री रहे थे और भारत के बड़े अर्थशास्त्रियों में उनकी गिनती होती थी। उन्होंने चंडीगढ़ में पंजाब विश्वविद्यालय और ग्रेट ब्रिटेन में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की थी। उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। मनमोहन सिंह को हमेशा अपने सरल और शांत स्वभाव के लिए याद किया जाएगा।

वर्ष 2006 में हुई थी दोबारा बाइपास सर्जरी

जानकारी के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2006 में दोबारा बाइपास सर्जरी हुई थी। जिसके लिए मुंबई से स्पेशलिस्ट डॉक्टर रमाकांत पांडा को बुलाया गया था। इसके अलावा कोरोना काल में उन्हें कोविड भी हुआ था, जिसके बाद से उन्हें सांस लेने में भी काफी तकलीफ रहती थी। बताया जा रहा है कि गुरुवार को तकघ्रीबन आठ बजे उन्हें दिल्ली के एम्स इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां करीब आधे घंटे बाद उनका निधन हो गया। बता दें वे 1985 से 1987 तक भारतीय योजना आयोग के प्रमुख भी रहे थे।

## युवाओं को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

नई दिल्ली,(एजेंसी) दिल्ली में वीर बाल दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को राष्ट्र के विकास से जुड़े हर क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हर क्षेत्र में नए बदलाव और चुनौतियां देख सकते हैं, इसलिए हमें अपने युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने की जरूरत है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आज हम तीसरे श्वीर बाल दिवसश का हिस्सा बन रहे हैं। तीन साल पहले हमारी सरकार ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में श्वीर बाल दिवसश मानने शुरूआत की थी। अब ये दिन करोड़ों देशवासियों के लिए, पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है। इस दिन ने भारत के कितने ही बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस से भरने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि साहिबजादों ने मुगल साम्राज्य के सभी प्रलोभनों को अस्वीकार कर दिया। उन्होंने हर अत्याचार सहा। जब वजीर खान ने उन्हें जिंदा ईंटों से मार देने का आदेश दिया, तो साहिबजादों ने बड़ी बहादुरी के साथ चुनौती स्वीकार कर ली। उन्होंने वजीर खान को



गुरु अर्जन देव, गुरु तेग बहादुर और गुरु गोबिंद सिंह की बहादुरी की याद दिलाई। उन्होंने मृत्यु को स्वीकार कर लिया, लेकिन आस्था के मार्ग से कभी नहीं डिगे। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने हमें, सभी को एक समान भाव से देखना सिखाया है और संविधान भी हमें इसी विचार की प्रेरणा देता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें देश की अखंडता और विचारों से कोई समझौता ना करने की सीख देता है और संविधान भी हमें भारत की प्रभुता और अखंडता को सर्वोपरि रखने का सिद्धांत देता है। हमारे लोकतंत्र की विराटता में गुरुओं की सीख है, साहिबजादों का त्याग है और देश की एकता का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि इतिहास से वर्तमान तक, भारत की प्रगति में हमेशा युवा ऊर्जा की बड़ी भूमिका रही है। आजादी की लड़ाई से लेकर 21वीं सदी के जनांदोलनों तक, भारत के युवा ने हर क्रांति में अपना योगदान दिया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें प्रेरणाओं से भरता है और नए संकल्पों के लिए प्रेरित घ्करता है। मैंने लाल किले से कहा है कि अब बेस्ट ही हमारा स्टैंडर्ड होना चाहिए। मैं अपनी युवा शक्ति से कहूंगा कि वो जिस सेक्टर में हों उसे बेस्ट बनाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि 26 दिसंबर का वो दिन, जब छोटी सी उम्र में हमारे साहिबजादों ने अपने प्राणों की आहुति दे दी। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह की आयु कम थी, लेकिन उनका हौसला आसमान से भी ऊंचा था।

## अमित शाह के 'निधन' की फर्जी खबर पोस्ट करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

नई दिल्ली,(एजेंसी) उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के इंदिरापुरम इलाके में पुलिस ने एक व्यक्ति को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 'निधन' के बारे में सोशल मीडिया पर फर्जी खबर पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि आरोपी की पहचान मुरादाबाद जिले के निवासी रोहित (34) के रूप में हुई है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पदाधिकारी अनिल शर्मा द्वारा शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद गिरफ्तार किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त (इंदिरापुरम) स्वतंत्र कुमार सिंह के अनुसार भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम के प्रावधानों के तहत भी आरोप लगाए गए हैं। सिंह ने कहा, इंदिरापुरम पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी की मदद से आरोपी को वसुंधरा कॉलोनी में हिंडन नदी बैराज के पास से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान, रोहित ने स्वीकार किया कि उसने अपने फेसबुक पेज के फॉलोअर बढ़ाने के लिए फर्जी खबर पोस्ट की थी। सिंह ने कहा कि उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## कांग्रेस के पोस्टर में भारत का गलत नक्शा, कश्मीर को दिखाया पाकिस्तान का हिस्सा

नई दिल्ली,(एजेंसी) बेलगावी में स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विकृत भारतीय मानचित्र के साथ स्वागत फ्लेक्स और बैनर लगाने के बाद 1924 सत्र के कांग्रेस शताब्दी समारोह से पहले पार्टी को शर्मिंदा कर दिया है। बेलगावी शहर के प्रवेश द्वार पर जो बैनर और फ्लेक्स लगाए गए, उनमें भारत का विकृत नक्शा है, जहां पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और अक्साई चिन क्षेत्र के हिस्से बैनर और स्वागत बोर्डों में इस्तेमाल किए गए नक्शे से गायब हैं। इसको लेकर भाजपा को कांग्रेस पर निशाना साधने का मौका मिल गया है। शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह कांग्रेस की श्भारत तोड़ो, टुकड़े–टुकड़ेश मानसिकता है, जिस तरह से उन्होंने बेलगावी कार्यक्रम में विकृत नक्शे लगाए हैं, जहां वे जम्मू–कश्मीर को पाकिस्तान और चीन का हिस्सा दिखा रहे हैं, यह कुछ ऐसा है जो कांग्रेस ने समय पर किया है और फिर। पाकिस्तान के सुर में गाना और जम्मू–कश्मीर को पाकिस्तान को सौंपना कांग्रेस का एजेंडा रहा है और आज वह मानसिकता एक बार फिर उजागर हो गई है। पूर्व भाजपा विधायक संजय पाटिल ने कहा कि यह सच्ची कांग्रेस मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा, श्यही कारण है कि कांग्रेस ने अनुच्छेद 370 को हटाने का समर्थन नहीं किया।श एक अन्य स्थानीय भाजपा नगरसेवक श्रेयस नकाडी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि यह एक मजाक था। उन्होंने कहा, ष्भारत का ताज गायब है, यह अब भारत के बारे में महात्मा गांधी जी का दृष्टिकोण नहीं बल्कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का संस्करण है। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) महात्मा गांधी की अध्यक्षता में 1924 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सत्र के शताब्दी समारोह को चिह्नित करने के लिए 26 और 27 दिसंबर को बेलगावी में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित कर रही है। यह कांग्रेस का एकमात्र अधिवेशन था जिसकी अध्यक्षता महात्मा गांधी ने की। इस कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी शामिल होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### अदालत ने मानहानि की शिकायत पर आप नेता सौरभ भारद्वाज को नोटिस जारी किया

नई दिल्ली,(एजेंसी)। दिल्ली की एक अदालत ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में नोटिस जारी किया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने 23 दिसंबर को पारित आदेश में भारद्वाज को नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें सूरजभान चौहान द्वारा दायर शिकायत के आधार पर नौ जनवरी, 2025 तक जवाब देने का निर्देश दिया गया है। अपनी शिकायत में चौहान ने आरोप लगाया कि भारद्वाज ने 2018 में प्रेस वार्ता में झूठा दावा करके उन्हें बदनाम किया था कि उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। न्यायाधीश ने शिकायतकर्ता को उसी मुद्दे पर पहले की शिकायत की प्रतिलिपि दाखिल करने का अंतिम अवसर भी दिया, जिसे एक अन्य अदालत ने खारिज कर दिया था।

### वाजपेयी सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के लिए मार्गदर्शक : लोकसभा अध्यक्ष

,नई दिल्ली,(एजेंसी)। लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को यहां कहा कि संसद के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयास सभी नेताओं के लिए मार्गदर्शक हैं। बिरला ने वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने सामाजिक और राजनीतिक जीवन में उच्च मानदंड स्थापित किए और देश की सामूहिक चेतना पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। बिरला ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के सदस्यों के लिए वाजपेयी एक आदर्श थे और देश भर के लोग उनके अनोखे व्यक्तित्व और कार्यों से प्रेरित थे। उन्होंने कहा कि चार दशकों से अधिक के राजनीतिक सफर में वाजपेयी ने सार्वजनिक जीवन की हर भूमिका में उत्कृष्टता हासिल की। बिरला यहां वाजपेयी की जन्म शताब्दी के अवसर पर आयोजित संगीत नाटक रामायण में आमंत्रित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

### नववर्ष से पूर्व यूपी के करीब सौ नौकरशाहों को पदोन्नत की सौगात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सिविल सर्विसेज आईएएस के 95 अधिकारियों को नव वर्ष शुरू होने कसे एक सप्ताह पूर्व पदोन्नति का तोहफा दिया है। जिसकी वजह से आजमगढ़ के मंडलायुक्त मनीष चौहान और खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू सहित सात आईएएस अधिकारी सचिव से प्रमुख सचिव पद पर पदोन्नत हो गये हैं। वहीं लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, कानपुर नगर के जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह समेत 38 आईएएस को जिलाधिकारी एवं विशेष सचिव स्तर से सचिव स्तर में प्रमोशन मिला है। नियुक्ति विभाग ने प्रमोशन का आदेश भी जारी कर दिया है। वर्ष 2000 बैच के आईएएस अधिकारी सौरभ बाबू, मनीष चौहान, रंजन कुमार, अनुराग यादव और रणवीर प्रसाद को सचिव से प्रमुख सचिव के पद पर प्रोन्नत किया गया है। इनके अतिरिक्त इसी बैच के आईएएस अधिकारी अमित गुप्ता, दीपक अग्रवाल का भी प्रमोशन किया गया है।

## मायावती ने कांग्रेस पर लगाया अंबेडकर का अपमान करने का आरोप

नई दिल्ली,(एजेंसी) बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने गुरुवार को कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए उस पर पूंजीपतियों के हितों को बढ़ावा देते हुए डॉ. भीमराव अंबेडकर और उनके अनुयायियों का अपमान करने का आरोप लगाया। एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में, मायावती ने पूंजीपतियों और बड़े व्यवसायों के वित्तीय समर्थन पर भरोसा करने और अमीर समर्थक और गरीब विरोधी और किसान विरोधी रुख अपनाने के लिए



राजनीतिक दलों की आलोचना की। मायावती ने एक्स पर लिखा कि आज पूरे देश में बीएसपी के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व परमपूज्य बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर के उन सभी अनुयाइयों का अति–आभार, शुक्रिया व धन्यवाद जिन्होंने अमित शाह द्वारा किए गए बाबा साहेब के अनादर के विरुद्ध सभी जिला मुख्यालयों पर शान्तिपूर्ण सफल धरना–प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब विरोधी टिप्पणी वापस नहीं लेने व पश्चाताप नहीं करने पर बीएसपी के आह्वान पर आयोजित ऐसे प्रदर्शन आदि समस्या का स्थाई हल नहीं, बल्कि इसके लिए बहुजनों को सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके शासक वर्ग बनकर ही अपना उद्धार स्वंय करने योग्य बनना होगा तभी मुक्ति व सम्मान संभव। बसपा प्रमुख ने कहा कि इससे कांग्रेस के दोहरे चाल, चरित्र व चेहरा का भी पर्दाफाश होता है कि वह पूंजीपतियों का विरोध करके संसद अवरोध करती है किन्तु उन्हीं धन्नासेठों से धन लेकर पार्टी चलाती है और सरकार बनने पर उन्हें लाभ पहुँचाने का कार्य करती है, जो इनकी राज्य सरकारों के कार्यकलापों से स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मामले में उनका व उनके अनुयाइयों की उपेक्षा व तिरस्कार करती है,

## बीपीएससी छात्रों पर लाठीचार्ज को लेकर तमतमा गए लालू यादव

बिहार,(एजेंसी) बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों को तितर–बितर करने के लिए बिहार पुलिस द्वारा लाठीचार्ज करने के एक दिन बाद, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने गुरुवार को कहा कि पुलिस को लाठीचार्ज नहीं करना चाहिए था और यह गलत था। लालू ने कहा कि ऐसा नहीं करना चाहिए था। गलत बात है। परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर बीपीएससी अभ्यर्थी बुधवार को पटना में आयोग के कार्यालय का श्घेरावश करने के लिए एकत्र हुए। हालाँकि, पुलिस विभाग के अधिकारियों ने एक स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि उन्होंने श्हल्के बलश का प्रयोग किया और विरोध करने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी तरह की चोट लगने से इनकार किया। अधिकारियों ने दावा किया कि कोचिंग शिक्षक अभ्यर्थियों को विरोध के लिए उकसा रहे थे। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर बृहस्पतिवार को राज्य सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा तथा आरोप लगाया कि भाजपा को सिर्फ अपनी कुर्सी बचाना है। प्रियंका गांधी ने अपने व्हाट्सएप चौनल पर पोस्ट किया, हाथ जोड़ रहे युवाओं पर इस तरह लाठी चलाना क्रूरता की पराकाष्ठा है। भाजपा राज में रोजगार मांगने वाले युवाओं को लाठियों से पीटा जाता है। उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो या मध्य प्रदेश, युवा अगर अपनी आवाज उठाते हैं तो उन्हें बर्बरता से पीटा जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया के सबसे युवा देश के



नौजवानों का भविष्य क्या होगा, यह सोचना और उनके लिए नीतियां बनाना सरकारों का काम है। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, भाजपा के पास सिर्फ कुर्सी बचाने का दृष्टिकोण है। जो मांगेगा रोजगार, उस पर होगा अत्याचार। इसे भी पढ़ेंरू बिहाररू प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवक ने पटना में आत्महत्या की बीपीएससी की ओर से 13 दिसंबर को आयोजित संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा (पीएससी) के प्रश्नपत्र लीक होने का दावा करने वाले अभ्यर्थियों ने परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर बुधवार को पटना में विरोध–प्रदर्शन किया, जिस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने बताया था कि पुलिसकर्मियों को प्रदर्शनकारियों पर उस समय लाठीचार्ज करना पड़ा।

## मुख्यमंत्री सैनी ने चार परियोजनाओं का उद्घाटन व दो का शिलान्यास किया

हरियाणा, एजेंसी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को यहां कोसली विधानसभा क्षेत्र में 23 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली छह विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। एक आधिकारिक बयान में यहां बताया गया कि 20.53 करोड़ रुपये की लागत वाली चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया और 2.51 करोड़ रुपये की लागत वाली दो परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई। बयान के



अनुसार उद्घाटन की गई परियोजनाओं में बोहका में 33 केवी सबस्टेशन, धवाना को मंडोला से जोड़ने वाली सड़क, बोहतवास अहीर में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और लिलोध में एक माध्यमिक विद्यालय भवन शामिल हैं। इसके अनुसार गुगोड़ –तुम्बाहेड़ी सड़क और मुस्सेपुर से हालुहेड़ा संपर्क सड़क परियोजना का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि आवश्यक मानदंडों को पूरा करने के बाद डहीना खंड को उप–मंडल का दर्जा मिलेगा। सैनी ने इस मौके पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने किसानों के हित में कई निर्णय लिए हैं, जिनमें राज्य के किसानों की फसलों की एमएसपी पर शत–प्रतिशत खरीद सुनिश्चित करना भी शामिल है।

## पीएम मोदी की मौजूदगी में राष्ट्रपति मुर्मू 17 बच्चों को करेंगी अवार्ड से सम्मानित

नई दिल्ली,(एजेंसी) देश भर में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का वितरण होगा। इस वर्ष देश भर के कुल 17 बच्चों को ये सम्मान मिलने वाला है। देश के 14 राज्योंध्केंद्र शासित प्रदेशों के बच्चों को ये पुरस्कार मिल रहा है। पुरस्कार पाने में लड़कियों ने बाजी मारी है। ये पुरस्कार 10 लड़कियों और सात लड़कों को दिया जा रहा है। 17 बच्चों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे। बता दें कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार कुल सात कैटेगरी में दिए जाते है। इन सात कैटेगरी में आर्ट एंड कल्चर, बहादुरी, इनोवेशन, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, सोशल वर्क, स्पोर्ट्स एंड एनवॉयरमेंट होता है। इस कार्यक्रम में कुल 3500 बच्चे शिरकत करने वाले है। पीएम मोदी इस कार्यक्रम में सुपोषित पंचायत योजना का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही मार्च पास्ट को हरी झंडी दिखाई जाएगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी उद्घाटन भाषण देने वाली है। इस आयोजन में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार विजेताओं के अलावा गणमान्य व्यक्ति भी हिस्सा लेंगे। केंद्र सरकार ने वर्ष 1996 में राष्ट्रीय बाल पुरस्कार की शुरुआत की गई। ये सम्मान उन असाधारण बच्चों के दिया जाता है जिन्होंने खास उपलब्धा हासिल की है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की ओर से ये सम्मान दिया जाता है। वर्ष 1996 से ही पुरस्कार पाने वाले ये बच्चे कर्तव्यपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेते हैं। इन बच्चों का चयन हर वर्ष महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया जाता है। इस पुरस्कार को पाने वाले बच्चों में पांच वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चे शामिल होते है। ये पुरस्कार भारत के नागरिक और देश में रहने वालों को ही मिलता है। वर्ष 2018 में बहादुरी के क्षेत्र में उपलब्धि पाने वालों को ये पुरस्कार मिलने लगा है। ये पुरस्कार पहले छह कैटेगरी में मिलता था जिसे बढ़ाकर अब सात कर दिया गया है। ये पुरस्कार अब कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार (इनोवेशन), शैक्षणिक, सामाजिक सेवा और खेल में मिलता है। इसमें अब साइंस और टेक्नोलॉजी को भी शामिल किया गया है। जिन बच्चों को ये पुरस्कार मिलता है ।

## हेमंत सोरेन के शासन में असुरक्षित महसूस कर रहीं झारखंड की महिलाएं

मुबई,(एजेंसी) झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की पुत्रवधू और पहली बार विधायक बनीं भाजपा नेता पूर्णिमा साहू ने दावा किया कि हेमंत सोरेन सरकार के शासन में अपराधियों के बढ़ते मनोबल के कारण राज्य की महिलाएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। साहू इस साल के चुनाव में जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य अजय कुमार को 42,000 से अधिक मतों से हराकर राज्य विधानसभा के लिए चुनी गई थीं। दास 1995 से पांच बार इस सीट पर काबिज रहे। साहू ने मंगलवार को एक बयान में कहा, ''महिलाएं और छात्राएं सुरक्षित महसूस नहीं कर रही हैं, क्योंकि सोरेन सरकार के शासन में अपराधियों के बढ़ते मनोबल के कारण उनमें भय का माहौल है।'' उन्होंने दावा किया कि झारखंड में छेड़छाड़ जैसी घटनाएं आम हो गई हैं। साहू ने आरोप लगाया कि सोरेन सरकार



सभी मोर्चों पर विफल रही है और विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए एक भी वादे को पूरा नहीं किया है। साहू ने दावा किया कि 'मंईयां' सम्मान योजना के तहत महिलाओं को झामुमो नीत सरकार द्वारा दिए गए। 2,500 रुपये अभी तक लाभार्थियों के खातों में जमा नहीं किए गए हैं।

# संपादकीय

## विफल प्रयोग में सुधार

अब केंद्र सरकार ने शिक्षा नीति में उस फैसले में सुधार किया है, जिसमें पांचवीं व आठवीं में किसी छात्र को फेल न करके, अगली कक्षा में जाने का सरल रास्ता दे दिया गया था। कहा जा रहा था कि इस फैसले के चलते छात्रों द्वारा परीक्षाओं को गंभीरता से न लेने से शैक्षिक गुणवत्ता में गिरावट देखी जा रही थी। छात्रों को लगने लगा था कि जब वे फेल नहीं होंगे और अगली कक्षा में बिना पढ़े चले जाएंगे, तो पढ़ना किस लिए। जिसके चलते शैक्षिक स्तर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही थी। दरअसल, पहले सरकार ने इस मुद्दे पर संवेदनशील व मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए छात्रों के प्रति उदार रवैया अपनाया। यह माना गया कि छात्रों को फेल करने से उनके आत्मसम्मान को ठेस लगती है। कतिपय स्थानों पर फेल होने के तनाव में आत्महत्या तक के मामले प्रकाश में आए थे। यही वजह थी कि विद्यार्थियों के स्वाभाविक विकास व उनका मनोबल ऊंचा रखने के लिये उन्हें फेल न करने की नीति अपनायी गई। दरअसल, नो डिटेंशन नीति लागू करने का मकसद यही रहा कि वंचित व पिछड़े समाज के छात्रों को स्कूलों में अधिक से अधिक दाखिला पाने का मौका मिले। यह नीति राइट टू एजुकेशन का हिस्सा थी। दरअसल, इस नीति का मकसद स्कूलों में बेहतर वातावरण बनाना था जिससे बच्चे बिना किसी भय के नियमित स्कूल आते रहें। उन्हें फेल न करने की नीति का मकसद यह भी था कि वे फेल होने पर शर्म महसूस न करें। किसी तरह का तनाव न झेलें। लेकिन इस कोशिश का परिणाम यह हुआ कि बड़ी संख्या में छात्र पढ़ाई से विमुख होने लगे। उनके मन से परीक्षा की गंभीरता का भाव जाता रहा। यही वजह थी कि जुलाई 2018 में राइट टू एजुकेशन को संशोधित करने हेतु लोकसभा में बिल पेश किया गया। इसमें स्कूलों में लागू नो डिटेंशन पॉलिसी को खत्म करने का विचार किया गया। कालांतर 2019 में राज्य सभा में भी यह बिल पारित हुआ। दरअसल, संशोधित नीति के अंतर्गत परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिये दो माह के भीतर पुनरू परीक्षा की व्यवस्था की गई। कहा गया कि पांचवीं व आठवीं के विद्यर्थियों के लिये नियमित परीक्षा करायी जाए। दरअसल, संसद में संशोधन बिल पारित होने के उपरांत राज्य सरकारों को छूट दी गई थी कि वे नो डिटेंशन नीति को हटा सकते हैं। इसे राज्यों के विवेक पर छोड़ा गया क्योंकि शिक्षा राज्यों का विषय होता है। बहरहाल, अब केंद्र सरकार ने शैक्षिक सुधारों की दिशा में कदम उठाते हुए नई नीति के तहत केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालयों तथा सैनिक स्कूलों में नो डिटेंशन नीति को खत्म कर दिया है। परीक्षा में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को एक और परीक्षा का मौका तो दिया जाएगा, लेकिन उन्हें स्कूल से निकाला नहीं जाएगा। दुबारा फेल होने पर वे उसी कक्षा में फिर से पढ़ाई करेंगे। निस्संदेह, फैसले के बाद छात्र इम्तिहानों को गंभीरता से लेने पर परीक्षाओं की गरिमा भी बरकरार रहेगी। दरअसल, सरकार की कोशिश रही है कि नई शिक्षा नीति उदार बनी रहे और इससे उनकी सीखने की प्रवृत्ति का विकास हो सके। यहां उल्लेखनीय है कि पहले ही बीस राज्य व केंद्रशासित प्रदेश नो डिटेंशन पॉलिसी को समाप्त कर चुके हैं। लेकिन यहां जरूरी है कि स्कूलों में शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूती दी जाए। इसके लिये आवश्यक है कि शिक्षा में छात्रों की रुचि बढ़ाने वाले पाठ्यक्रम लागू हों, व्यक्तिगत शिक्षण दृष्टिकोण तथा व्यापक शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम को बढ़ावा मिले। ऐसे में यदि छात्रों को प्रणालीगत विपलताओं का त्रास झेलना पड़े तो यह उनके प्रति अन्याय करने जैसा ही होगा। चिंता व्यक्त की जाती रही है कि नये फैसले से हाशिये पर रहने वाले समुदायों के बच्चों के साथ न्याय नहीं होगा। उनमें फेल होने के डर से स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति बढ़ सकती है। जिसकी आशंका तमिलनाडु जैसे राज्य पहले ही जता चुके हैं। चिंता जतायी जाती रही है कि ऐसे प्रयासों से शिक्षा के अधिकार की रचनात्मक पहल बाधित हो सकती है।

## लोकतंत्र को सामने लाना जरूरी है

परिस्थितिजन्य चाय की पत्तियों को पढ़ना और लगातार " सत्ताधारियों" से सवाल करना यह सुनिश्चित करने की कुंजी है कि लोकतंत्र में प्रयोग किसी अंधेरी गली में न भटक जाए। स्थापित लोकतंत्र शायद ही कभी अचानक बहुसंख्यकवाद (अपूर्ण लोकतंत्र का एक उदाहरण) के सामान्यीकरण की ओर वापस लौटते हैं। शुरुआती संकेत बड़े दिखाई देते हैं और समय रहते उन्हें पहचानना जरूरी है, खासकर अगर वे जाँच और संतुलन की संस्थाओं से संबंधित हों। सामान्य समय में जो संकेत हानिरहित लगते हैं, वे भी भयावह संकेत बन जाते हैं, जब पृष्ठभूमि में संविधान की भावना से बार–बार समझौता और ढील दी जाती है, भले ही वह संविधान के शब्दों में न हो। पाकिस्तान में जनरल जिया–उल हक की सैन्य तानाशाही के शुरुआती वर्षों में (पीछे मुड़कर देखने पर) लेकिन शुरू में बिना किसी सवाल के संकेत इसका एक उदाहरण हैं। लोकतंत्र और पाकिस्तानी संविधान की भावना को बनाए रखने का वादा करने के बाद, उन्होंने बाद में एक बिल्कुल अलग कहानी लिखी। इतिहास की पुनर्कल्पना मोहम्मद अली जिन्ना के राष्ट्रीय आदर्श वाक्य एकता (इत्तेहाद), आस्था (यकीन), व्यवस्था (नज़्म) के शब्दों और क्रम की पुनर्व्याख्या के साथ गुप्त रूप से शुरू हुई। धार्मिक रूप से प्रेरित जनरल जिया को अपनी परिकल्पित प्राथमिकताओं आस्था, एकता, व्यवस्था के अनुसार क्रम को पुनर्व्यवस्थित करने के साथ सूक्ष्म परिवर्तन करने थे। इतिहासकार इस बात पर जोर देते हैं कि जिन्ना का विश्वास, या यकीन, पाकिस्तान के विचारष से संबंधित था, जबकि जनरल जिया ने इसे धार्मिक आस्था के संदर्भ में पुनर्व्याख्या की, जैसा कि किसी भी बहुसंख्यकवादी या शुद्धतावादी शासन में आदर्श है। जल्द ही, पाकिस्तान सेना की अपेक्षाकृत उदार संस्था भी ष्एकता, आस्था, अनुशासनष के काफी मानकीकृत आदर्श वाक्य से बदलकर अधिक धार्मिक रूप से प्रेरित ईमान (विश्वास), तकवा (पवित्रता) और जिहाद फि सबीलिल्लाह (अल्लाह के मार्ग में पवित्र युद्ध)ष में बदल गई। चिंतनीय रूप से, यह पाकिस्तान सेना को "अल्लाह के मार्ग में पवित्र युद्ध" (जैसा कि धार्मिक चरमपंथियों और आतंकवादियों द्वारा भी दावा किया जाता है) छेड़ने का आदेश देगा, न कि केवल देश की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने के अपने संवैधानिक और प्रतिबंधित कार्य के लिए। जिसे अर्थगत नुकीली बातें समझा जा सकता है, वह अक्सर धार्मिकता और संशोधनवाद को वैध बनाने में बदल जाती है जनरल जिया के अपने बहिष्कार और पक्षपातपूर्ण एजेंडे को शामिल करने के काले वर्षों के भयानक परिणाम आज भी पाकिस्तान में चल रहे हैं, और यह एक ऐसा जिन्न है, जिसे एक बार बाहर निकाल देने के बाद, बोतल में वापस डालना बहुत मुश्किल है। अर्थगतता का एक ऐसा ही मामला, जो स्वाभाविक रूप से भड़काऊ था, तब हुआ था जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने 9ď11 के हमलों के तुरंत बाद अपने "आतंकवाद के खिलाफ युद्ध" भाषण में, आतंकवाद के खिलाफ अपने युद्ध को प्रासंगिक बनाने के लिए धर्मयुद्ध" का आह्वान किया था। मध्य पूर्व क्षेत्र में अरब मुसलमानों के खिलाफ ईसाई पश्चिम द्वारा छेड़े गए । युद्धों के रूप में ष्धर्मयुद्धष की अशिष्ट चूक याद आती है, ताकि मुसलमानों से पवित्र भूमि पर कब्जा किया जा सके।

# बांग्लादेश-पाक के नापाक गठजोड़ के खतरे

हरीश

यह वाकई अजब मंजर है। जिस भारत ने विश्वपटल पर बांग्लादेश के उदय के लिए अपने 1600 सैनिकों की कुर्बानी दी। जिस भारत ने अरबों रुपये खर्च कर इस देश को चलने के काबिल बनाया। उसी बांग्लादेश के उदय के उपलक्ष्य में मनाए गए विजय दिवस पर इस बार फिजाएं भारत विरोधी नारों से गुंजायमान थीं। इसी बांग्लादेश ने भारतीय सैनिकों की याद में सात साल से बनाए जा रहे वॉर मेमोरियल का काम भी रोक दिया है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ निर्मम हिंसा, उनके पूजास्थलों के साथ तोड़फोड़ और तिरंगे के अपमान की खबरें तो पहले ही लगातार आ रही हैं। बांग्लादेश की राजधानी ढाका से चिंतित करने वाली खबर ये भी कि 53 साल पहले करारी हार के बाद बांग्लादेश (तब के पूर्वी पाकिस्तान) से रुखसत होने वाली पाकिस्तानी आर्मी की फिर बांग्लादेश में एंट्री होने जा रही है। पाक आर्मी के मेजर जनरल रैंक के अफसर के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बांग्लादेश की आर्मी को ट्रेनिंग देने के लिए यहां आएगी। शेख हसीना का तख्तापलट होने के बाद आज बांग्लादेश इतिहास के एक ऐसे दोराहे पर खड़ा है, जहां उसके सामने अपने ही अस्तित्व को लेकर गंभीर संकट पैदा हो सकता है। बांग्लादेश में भारत विरोध का जुनून इस कदर छाया है कि इस प्रक्रिया में कार्यवाहक सरकार के समर्थक अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। वहां हिंदुओं के उपासना स्थलों के साथ तोड़फोड़ के वीडियो वायरल हो रहे हैं। हिंदुओं से जान बचाने के लिए अपनी पहचान छिपाने तक के लिए कहा जा रहा है। इतिहास गवाह है कि ऐसे समय में, कोई एक व्यक्ति उम्मीद की लौ जगाता है। आशा की किरण और प्रतिकार का प्रतीक बन जाता है। दक्षिण अफ्रीका में नेल्सन मंडेला, म्यांमार में आंग सान सू की, भारत में भगत सिंह और बोस, पोलैंड में लेक वालेसा, तिब्बत में दलाई लामा और खुद बांग्लादेश के स्वतंत्र होने पर शेख मुजीबुर रहमान– इसके जीवंत उदाहरण हैं। तो क्या अब इस्कॉन के चिन्मय कृष्ण दास अनजाने में ही बांग्लादेश में हिंदू–उत्पीड़न के प्रतिरोध का प्रतीक बन गए हैं? चिन्मय कृष्ण दास अपने साथियों की हत्या और मंदिरों को जलाने के बाद, बांग्लादेश में हिंदू प्रतिरोध का चेहरा और बांग्लादेश सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता बने हैं। बांग्लादेश की इस्कॉन इकाई ने दावा किया कि इस्कॉन पर अनुचित तरीके से काम करने का गलत आरोप लगाया गया है। इस्कॉन पूरी तरह से आध्यात्मिक, अहिंसक, गैर–राजनीतिक, गैर–पक्षपाती और गैर–सांप्रदायिक संगठन है, जिसकी 50 से अधिक वर्षों की बेदाग विरासत है। बांग्लादेश की केयरटेकर सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस और उनके समर्थक बांग्लादेश की विरासत को खत्म करने में व्यस्त हैं। हालात यह हैं कि वह बांग्लादेश के संस्थापक और राष्ट्रपिता शेख मुजीबुर्रहमान का सम्मान तो छोड़िए, जानबूझकर उनके अपमान पर उतारू है। वहां पर उनकी मूर्तियां तोड़ी जा रही हैं। मोहम्मद यूनुस ने राष्ट्रपति भवन से मुजीबुर्रहमान की तस्वीरें हटवा दी हैं। उनके नाम से जुड़ी छुट्टियां तक रद्द कर दी गई हैं। यहां तक कि मुजीबुर्रहमान की फोटो हटाने के लिए बांग्लादेशी करेंसी टका को बदलने के आदेश दिए गए हैं। अगले 6 महीनों में नए नोट मार्केट में आ जाएंगे। इन नोटों पर धार्मिक स्थल और बंगाली परम्परा के चिन्ह बने होंगे। काबिलेगौर है कि शेख मुजीबुर्रहमान बांग्लादेश के संस्थापक होने के साथ ही शेख हसीना के पिता हैं। बांग्लादेश की सड़कों पर इस वक्त इस्लामिक कट्टरपंथियों का बोलबाला है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग तस्वीर से बाहर है। दो अन्य पार्टियां ढाका की सत्ता पर नजर गड़ाए हैं– खालिदा जिया की बीएनपी और जमात–ए–इस्लामी। चीन जमातियों और बीएनपी की मेजबानी कर रहा है। जमात का इतिहास दागदार रहा है। यह एक कट्टरपंथी और भारत विरोधी संगठन रहा है। बांग्लादेश ने भारत के चिर–विरोधी पाकिस्तान के साथ रिश्ते सुधारने में जरा भी देर नहीं की है। इसके लिए वीजा सिक्योरिटी क्लियरेंस को खत्म कर दिया है। 2019 में शेख हसीना की सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों के लिए नॉन ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य किया था। अब यह प्रोसेस खत्म कर दिया गया है। यहां तक कि बांग्लादेश में 50 सालों में पहली बार जिन्ना की 76वीं सालगिरह भी मनाई गई। इस जश्न में पाकिस्तान के डिप्टी हाई कमिश्नर और यूनुस सरकार के कई लोग शामिल हुए। इसमें



जिन्ना को बांग्लादेश का 'राष्ट्रपिता' घोषित करने तक की मांग की गई। इस कार्यवाहक सरकार ने पाकिस्तान से गोला–बारूद भी खरीदा है। इस गोला–बारूद का इस्तेमाल आर्टिलरी गन में किया जाता है, जो 30 से 35 किलोमीटर की रेंज तक हमला कर सकती है। बांग्लादेश तीन तरफ से भारत से घिरा है और चौथी तरफ बंगाल की खाड़ी है। यानी अगर इसके इस्तेमाल की नौबत आती है, तो भारत के खिलाफ हो सकता है। ऐसे में भारत की सीमा सुरक्षा बल ने भी अपनी निगरानी बढ़ा दी है। भारत अपनी सबसे लंबी करीब चार हजार किलोमीटर की सरहद बांग्लादेश के साथ साझा करता है। यह सीमा पहाड़ों, उफनती नदियों और घने जंगलों से होकर गुजरती है। भारत का विदेश मंत्रालय बांग्लादेश के हथियार खरीद, पाकिस्तान से दोस्ती और हिंदुओं पर अत्याचार आदि पर नजरें बनाए हुए है। इसीलिए ढाका जाकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अपने समकक्ष मोहम्मद जशीमुद्दीन को स्पष्ट और सख्त शब्दों में कहा है कि सबसे पहले बांग्लादेश में हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की रक्षा, मंदिरों और दूसरे धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भी यूनुस से फोन पर बात की है। इसमें बांग्लादेश में मानवाधिकारों की बिगड़ती स्थिति व लोकतंत्र पर चिंता जताई गयी। उन्होंने कहा कि हिंदुओं पर हमलों को लेकर बांग्लादेश को ठोस कदम उठाने चाहिए। अगले साल फरवरी से बांग्लादेशी आर्मी ट्रेनिंग की शुरुआत होगी। पहले चरण की ट्रेनिंग बांग्लादेश के मेमनशाही कैंट में आर्मी ट्रेनिंग एंड डॉक्ट्रिन कमांड (एटीडीसी) मुख्यालय में होगी। एक साल तक चलने वाले पहले चरण के बाद बांग्लादेशी आर्मी की सभी 10 कमांड में भी पाकिस्तान की आर्मी ट्रेनिंग देगी। बड़ा सवाल यह है कि भारत के लिए पाकिस्तान–बांग्लादेश गठजोड़ खतरा क्यों है? दरअसल, पाकिस्तान–बांग्लादेश गठजोड़ से सिलीगुड़ी में 80 किमी चौड़े भारत के चिकन नेक कॉरिडोर पर खतरा बढ़ सकता है। ये भारत को समूचे पूर्वोत्तर से जोड़ता है। बांग्लादेश में पाक की एंट्री के बाद पूर्वोत्तर के कट्टरपंथी ग्रुप के और हावी होने की आशंका है। दरअसल, बांग्लादेश की सामरिक लोकेशन काफी अहम है। चिकन नेक कॉरिडोर के पास भूटान का डोकलाम भी है। इस पर चीन कब्जा चाहता है। बांग्लादेश में यूनुस सरकार और अब पाक सेना की एंट्री के बाद चीन के लिए बने अनुकूल हालात भारत के लिए चिंता का सबब बन सकते हैं। पाकिस्तान से हाथ मिलाने पर मोहम्मद यूनुस पर तंज कसते हुए मशहूर लेखिका तस्लीमा नसरीन ने भी कहा कि जिस पाकिस्तान ने लाखों लोगों की हत्या की और करीब दो लाख महिलाओं के साथ बलात्कार किया, उसे अब दोस्त क्यों बनाया जा रहा है? जिस पाकिस्तान ने अभी तक 1971 के अत्याचारों के लिए बांग्लादेश से माफी नहीं मांगी है, वह बांग्लादेश का मित्र राष्ट्र कैसे हो सकता है? भारत के साथ बांग्लादेश की यह 'कारगुजारी' माफी लायक कतई नहीं है!

# एआई व चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति की जगी उम्मीद

डॉ. शशांक

पिछले दिनों गूगल ने अपनी एक क्रांतिकारी क्वांटम चिप 'विलो' को दुनिया के सामने पेश किया। विलो क्लासिकल कंप्यूटरों की तुलना में जटिल गणितीय समस्याओं को तेजी से हल करता है। दावा है कि यह उन समस्याओं को 5 मिनट में हल कर देती है, जिन्हें करने में पारंपरिक कंप्यूटर को अरबों साल लगते। कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में कंपनी की क्वांटम लैब में यह चिप विकसित की गई है। विलो चिप में 105 क्यूबिट हैं। क्यूबिट्स पारंपरिक बिट्स की तुलना में स्वाभाविक रूप से तेज होते हैं। गूगल के अनुसार विलो के क्यूबिट को सावधानीपूर्वक जोड़ा गया है। यह क्यूबिट की संख्या बढ़ने पर त्रुटि दर को कम करने में सक्षम था। गूगल का लक्ष्य वर्तमान प्रणालियों से कहीं अधिक गति प्राप्त करके कंप्यूटिंग में क्रांति लाना है। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में लिखा, 'विलो ने पांच मिनट से भी कम समय में एक मानक बेंचमार्क गणना की। इसे करने में आज के सबसे तेज सुपरकंप्यूटरों में से एक को 10 सेप्टिलियन वर्ष लगेंगे। इतने साल तो ब्रह्मांड की आयु भी नहीं है।' फिलहाल गूगल की चिप द्वारा हल की गई समस्या का कोई तत्काल व्यावसायिक अनुप्रयोग नहीं है। हालांकि, कंपनी क्वांटम कंप्यूटरों को चिकित्सा, बैटरी तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार कर रही है, जो काम आज के कंप्यूटर नहीं कर सकते हैं। क्वांटम चिप एक विशेष प्रकार की कंप्यूटर चिप है जिसे क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों का उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो परमाणुओं जैसे छोटे कणों का विज्ञान है। क्वांटम कंप्यूटिंग गणना करने की ऐसी तकनीक है, जो परंपरागत कंप्यूटर से काफी अलग है। आज हम जो कंप्यूटर देखते हैं, वह बाइनरी गणना का इस्तेमाल करते हैं, यह 'बिट्स' पर काम करते हैं, जो या तो 1 या 0 हो सकते हैं। मतलब जो भी जानकारी हमारे सामने होती है, वह दरअसल 1 या 0 के रूप में होती है, और कंप्यूटर उसे लॉजिक का इस्तेमाल करके उस जानकारी को मानव द्वारा पढ़ने और समझने लायक बनता है। अगर हम क्वांटम कंप्यूटर की बात करें तो वह क्यूबिट्स पर काम करता है। यह क्यूबिट्स एक साथ 1 और 0 दोनों पर काम कर सकता है। एक क्यूबिट दो अवस्थाओं के रैखिक संयोजन को प्राप्त करने के लिए सुपरपोजिशन की क्वांटम मैकेनिकल घटना का उपयोग करता है, और जानकारी को बेहद कम समय में प्रोसेस कर देता है। विलो चिप की सफलता में एडवांस क्वांटम एरर करेक्शन की बड़ी भूमिका है। बहुत अधिक गलती होना लंबे समय से क्वांटम कंप्यूटिंग की बड़ी बाधा रही है। क्वांटम इंफॉर्मेशन की मूल इकाइयां क्यूबिट्स अपने वातावरण के प्रति बहुत अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके चलते इसके कैलकुलेशन में गलती होने की संभावना रहती है। इस कमी के चलते क्वांटम सिस्टम के विस्तार होने पर इसकी गणनाओं को ठीक रख पाना मुश्किल हो जाता है। क्वांटम एरर करेक्शन से यह कमी दूर की गई है। इस सुधार का विलो को लाभ मिला है। हाल ही में नेचर पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट में गूगल ने बताया है कि कैसे विलो का क्वांटम एरर करेक्शन चिप को कम गलती के साथ बड़ी गणनाएं करने की अनुमति देता है। पिछले चार दशक से क्वांटम कंप्यूटर बनाने की कोशिशें चल रही हैं, पर दिक्कत यह आती है कि ऐसे कंप्यूटर तेजी के चक्कर में गलतियां भी करते हैं। काफी समय से वैज्ञानिक इस समस्या से मुक्ति का रास्ता ढूंढ़ रहे हैं। बात 1995 की है, जब एक अमेरिकी वैज्ञानिक पीटर शोर ने यह अवधारणा दी थी कि क्वांटम कंप्यूटर तभी कामयाब हो सकता है, जब इसमें खुद ही गलतियों को सुधारने का कोई तरीका शामिल कर दिया जाए। अल्फाबेट का कहना है कि उसने अपने विलो चिप में गलतियां सुधारने की क्षमता शामिल करने में सफलता हासिल कर ली है। यह चिप गणना भी करेगा और साथ ही साथ गलतियों पर भी नजर रखेगा। उन्हें सुधारता हुआ चलेगा। गूगल की टीम ने दिखाया है कि क्यूबिट की संख्या बढ़ने पर गलती कम हुई है। यह ग्रिड से बढ़कर एनकोडेड क्यूबिट के ग्रिड तक पहुंच गई। अब गूगल का लक्ष्य अगले साल तक क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए वास्तविक दुनिया के उपयोग के मामले पेश करना है। एआई के लिए जिस तरह की क्षमता वाले कंप्यूटरों की जरूरत होती है, वैसे कंप्यूटर बाजार में बहुत ज्यादा उपलब्ध नहीं हैं। अभी तक एआई का पूरा बाजार अमेरिकी कंपनी एनविडिया के ग्राफिक विशेषज्ञों के हवाले है। माना जाता है कि इनके जरिये विलो चिप बड़ी उम्मीद बनकर आया है। उम्मीद है, इससे एआई का तेजी से विकास होगा और इसके उपयोग की परीकथा जैसी अनेक कल्पनाएं जमीन पर उतरती दिखाई देंगी। गूगल के अनुसार विलो चिप द्वारा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए आयाम प्राप्त करने में सफलता मिलेगी, विशेष रूप से नई टेक्नोलॉजी से हेल्थकेयर, एनर्जी और अन्य सेक्टर्स में रिसर्च को बेहतर कर, आम आदमी के लिए नए रास्ते खोलेगा। कुल मिलाकर विलो चिप कंप्यूटिंग क्षेत्र में एक विशाल छलांग मानी जा रही है, और ऐसा माना जा रहा है कि यह कंप्यूटिंग के भविष्य और उसके इस्तेमाल को हमेशा के लिए बदल कर रख देगा।

# मुफ्त की चुनावी घोषणाओं बिगाड़ रहीं हैं आर्थिक सेहत

योगेंद्र

चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान–फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। दिल्ली चुनाव को अभी एक महीने से ज्यादा का समय बाकी है। उससे पहले दिल्ली की आम आदमी पार्टी ने महिला सम्मान योजना को मंजूरी दे दी। इस योजना के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने 1000 रुपये आएंगे। आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि चुनाव के बाद इसको बदलकर 2100 रुपए करेंगे। चुनाव जीतने के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटने वाली आप अकेली पार्टी नहीं हैं। जब भी चुनाव नजदीक आते हैं, राजनीतिक दलों में खैरात बांटने की होड़ लग जाती है। इसका एकमात्र मकसद चुनाव जीतना है। इसके नुकसान–फायदों की राजनीतिक दलों का परवाह नहीं हैं। यह अलग बात है कि चाकू खरबूजे पर गिरे या खरबूजा चाकू पर, कटना तो खरबूजे को ही है। मसलन फ्री का माल लेने वाले को भी आखिरकार इसकी कीमत चुकानी पड़ती है। किसी न किसी रूप में टैक्स का बोझ उन पर भी पड़ता है। फ्री की योजनाओं का फायदा उठाने वाले भी इससे बढने वाली महंगाई की मार से बच नहीं सकते। इससे पहले राजस्थान में विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वोटरों को फ्री में स्मार्टफोन और तीन साल के लिए फ्री इंटरनेट का वायदा किया था। गहलोत ने राज्य के हर परिवार को हर महीने 100 यूनिट तक फ्री बिजली फ्री देने का ऐलान किया था। मध्य प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार को 100 यूनिट तक फ्री बिजली देने का वादा किया। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाडली बहना योजना के तहत सवा करोड़ गरीब महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये जमा कराए। कांग्रेस ने वादा किया था कि उसकी सरकार आई तो हजार नहीं बल्कि 1,500 रुपये दिए जाएंगे। शिवराज ने युवाओं को लुभाने के लिए 12वीं कक्षा के कुल 9000 टॉपर्स को एक–एक स्कूटी देने का भी ऐलान किया था। चुनावी रेवड़ी बांटना का कल्चर शुरु से ही विवादों से घिरा रहा है। सुप्रीम कोर्ट, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया, आर्थिक विशेषज्ञ, चुनाव आयोग और मौजूदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तक इस पर चिंता जता चुके हैं। कोई भी राजनीतिक दल व्यापक देशहित से जुड़े ऐसे मुद्दों का समाधान तलाशना तो दूर बल्कि चर्चा तक करना नहीं चाहता। सुप्रीम कोर्ट ने मुफ्त राशन और अन्य मुफ्त योजनाओं पर गंभीर सवाल उठाए हैं। कोर्ट ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर लोगों को ष्फ्री की रेवड़ीष कब तक बांटी जाएगी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने



कहा कि कोरोना महामारी के दौरान मुफ्त राशन देना समय की जरूरत थी, लेकिन अब रोजगार और आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित करने का समय आ गया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि देश के 81 करोड़ लोगों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मुफ्त या सब्सिडी वाला राशन दिया जा रहा है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने हैरानी जताई और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से कहा, ष्तो मतलब सिर्फ टैक्सपेयर्स ही ऐसे लोग हैं जिन्हें मुफ्त राशन नहीं मिल रहा है। यह स्थिति गंभीर विचार का विषय है।ष वर्ष २०२२ में श्रीलंका का आर्थिक संकट सामने आया तो इसने दुनियाभर की सरकारों को चेता दिया। सर्वदलीय बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि श्रीलंका से सबक लेते हुए हमें मुफ्त के कल्चर से बचना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि श्रीलंका जैसी स्थिति भारत में नहीं हो सकती, लेकिन वहां से आने वाला सबक बहुत मजबूत है। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी एक रैली में रेवड़ी कल्चर पर सवाल उठाए थे। पीएम मोदी ने कहा था कि आजकल हमारे देश में मुफ्त की रेवड़ी बांटकर वोट बटोरने का कल्चर लाने की भरसक कोशिश हो रही है। ये रेवड़ी कल्चर देश के विकास के लिए बहुत घातक है। रेवड़ी कल्चर वालों को लगता है कि जनता जनार्दन को मुफ्त की रेवड़ी बांटकर उन्हें खरीद लेंगे। मोदी ने कहा था कि हमें मिलकर रेवड़ी कल्चर को देश की राजनीति से हटाना है। भारत में ऐसी लुभावनी पर आर्थिक तौर पर घातक चुनावी वायदों की शुरुआत तमिलनाडु से मानी जाती है। वर्ष 2006 में तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव में डीएमके ने सरकार बनने पर सभी परिवारों को फ्री कलर टीवी देने का वादा किया। डीएमके के इस चुनावी वादे को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई। हालांकि, डीएमके जीत गई। वादा पूरा करने के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट लगाया गया। मामला सुप्रीम कोर्ट में चल ही रहा था कि 2011 के विधानसभा चुनाव में विपक्षी अन्नाद्रमुक ने टीवी के जवाब में मिक्सर ग्राइंडर, इलेक्ट्रिक फैन, लैपटॉप, कम्प्यूटर, सोने की थाली आदि बांटने का वादा कर दिया। शादी होने पर महिलाओं को 50 हजार रुपये और राशन कार्ड धारकों को 20 किलो चावल देने का वादा भी किया। नतीजे आए तो अन्नाद्रमुक की सरकार बन गई। 2006 के चुनावी वादे पर जुलाई 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फ्रीबीज सभी लोगों को प्रभावित करती है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की जड़ को काफी हद तक हिला देती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी आदेश दिया कि वो सभी राजनीतिक पार्टियों से सलाह–मशविरा कर एक आचार संहिता बनाए। इसके बाद 2015 में चुनाव आयोग ने राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए आचार संहिता जारी भी की, लेकिन उसके बावजूद चुनावों में फ्रीबीज का ऐलान होता ही रहा है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने कहा था, ऐसी योजनाएं जिनसे क्रेडिट कल्चर कमजोर हो, सब्सिडी की वजह से कीमतें बिगड़ें, प्राइवेट इन्वेस्टमेंट में गिरावट आए और लेबर फोर्स भागीदारी कम हो तो वो फ्रीबीज होती हैं। वर्ष 2022 पिछले साल आरबीआई की भी एक रिपोर्ट आई थी। इसमें कहा गया था कि राज्य सरकारें मुफ्त की योजनाओं पर जमकर खर्च कर रही हैं, जिससे वो कर्ज के जाल में फंसती जा रही हैं। स्टेट फाइनेंसेसरू अ रिस्क एनालिसिस नाम से आई आरबीआई की इस रिपोर्ट में उन पांच राज्यों के नाम दिए गए हैं, जिनकी स्थिति बिगड़ रही है। इनमें पंजाब, राजस्थान, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल शामिल थे। चुनावी वादों के कारण बढ़ रही मुद्रास्फीती और महंगाई की मार आम लोगों पर पड़ रही है। बेरोजगारी बढ़ रही है। राजनीतिक दलों का इससे सरोकार नहीं है। सत्ता में आने के बाद सरकारें फ्री देने के वादे पूरा करने के लिए टैक्स का बोझ बढ़ाती जा रही हैं।

